कार्यालय
सरोजनी भवन छात्रावास
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

## नीलामी की सूचना

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सरोजनी भवन छात्रावास से सम्बन्धित प्लास्टिक, लोहे एवं लकडी आदि के कबाड/निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी किया जाना है। स्कैप सामग्री का विक्रय "जहा है जैसी है" के आधार पर सार्वजनिक नीलामी द्वारा किया जाना प्ररतावित है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म निम्न विवरण के अनुसार नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है।

01. नीलामी की तिथिः 07.08.2026
02. समयः पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक
03. स्थानः छात्रावास का नाम, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**नीलामी की प्रमुख शर्ते :–**

स्कैप सामग्री का निरीक्षण नीलामी की तिथि से पूर्व कार्यालय अवधि में किया जा सकेगा। नीलामी "जहा है, जैसी है" (As is where is basis) के आधार पर होगी। सामग्री की गुणवत्ता, मात्रा एवं स्थिति के सबंध में बाद में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पूर्व रू0 7,400/– की जमानत धनराशि जमा करनी होगी। असफल बोलीदाताओं की जमानत धनराशि जमा करनी होगी। असफल बोलीदाताओं की जमानत धनराशि नीलामी के उपरांत वापस कर दी जायेगी। सर्वाधिक बोली लगाने वाले बोलीदाता को नीलामी स्वीकृत होने पर निर्धारित अवधि के भीतर पूर्व धनराशि जमा करनी होगी।

पूर्व भुगतान प्राप्त होने के पष्चात् ही स्कैप सामग्री उठाने की अनुमति दी जाएगी। सामग्री को उठाने, लोंडिग एवं परिवहन का समस्त व्यय एवं दायित्व केता का होगा। निर्धारित अवधि में सामग्री न उठाने की स्थिति में विश्वविद्यालय आवष्यक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा तथा जमानत धनराषि जब्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी बोलियों को स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

नीलामी से संबन्धित किसी भी विवाद की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। अधिक जानकारी हेतु सम्बन्धित छात्रावास कार्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर से संपर्क किया जा सकता है।

(डॉ0 मीनाक्षी चौधरी)
छात्रावास अधीक्षक

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/अधि0छा0मा0/      /2026        दिनांकः   अगस्त 2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. वै0 सहा0 कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
02. कुलसचिव।
03. मुख्य छात्रावास अधीक्षक।
04. वेब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(डॉ0 मीनाक्षी चौधरी)
छात्रावास अधीक्षक